S.D.E.

T.Y.B.A. (2008 Course) : SUMMER - 2019

SUBJECT : HINDI (S - 4)

Day Friday
Date 12/04/2019

S-2019-4601

Time : 03.00 PM TO 06.00 PM
Max. Marks : 80

सूचनाएँ :

१) सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
२) **दाहिने** ओर दिए हुए अंक **गुणों** का निर्देश करते हैं।
३) दोनों विभाग **एकही** उत्तरपत्रिका में लिखिए।

विभाग - १

प्र.१ निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए। (१६)

अ) आधुनिक हिंदी कविता के विकास में अज्ञेय की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

ब) "कालजयी' एक श्रेष्ठ खंडकाव्य है।" सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

क) नागार्जुन की प्रगतिवादी काव्य चेतना पर प्रकाश डालिए।

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (१६)

अ) नवगीत किसे कहते हैं तथा नवगीत ने हिंदी साहित्य को किस प्रकार समृध्द किया हैं?

ब) शंभूनाथ सिंह एवं वीरेंद्र मिश्र की काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

क) दुष्यंतकुमार की काव्यगत विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

प्र.३ निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (१६)

अ) सारे इस सुनहले चंदोवे से
पत्ता कुल एक झरा
पर उसी की अकिंचन
झरने के-हर कंपने में
मैं कितनी बार मरा!

ब) "ठीक कहती हो-बडा है आदमी
हर बुराई से लडा है आदमी
किंतु वह आडे न आया युध्द के;
बुध्द तक के वचन
बँधकर रह गये उपदेश में
व्याप्त करना हैं उन्हें अब जगत्-भर में!"

क) बाढ की संभावनाएँ सामने हैं,
और नदियों के किनारे घर बने है।
चीड बन में आंधियों की बात मत कर
इन दरख्तों के बहुत नाजुक तने हैं।
जिस तरह चाहो बजाओं इस सभा में
हम नहीं हैं आदमी हम झुन झुने हैं।

P.T.O.

विभाग - २

प्र.४ निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (०८)

- **अ)** गीत और नवगीत के अंतर को स्पष्ट कीजिए।
- **ब)** गजल काव्य-विधा का परिचय दीजिए।
- **क)** 'साठोत्तरी' कविता-धारा की विशेषताएँ लिखिए।

प्र.५ निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (०८)

- **अ)** 'समारोही कलाकार के प्रति' कविता का आशय लिखिए।
- **ब)** 'किले में औरत' कविता की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
- **क)** 'जन-सामन्य का युध्द विरोधी गीत' का संदेश विशद कीजिए।

प्र.६ निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (०८)

- **अ)** रघूवीर सहाय के काव्यगत विशेषताओं को विशद कीजिए।
- **ब)** केदारनाथ सिंह के पठित कविता ओं का मूल्यांकन कीजिए।
- **क)** 'मोचीराम' कविता के राजनैतिक पक्ष को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्र.७ निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (०८)

- **अ)** 'वो आदमी नहीं' गजल का भाव
- **ब)** 'अकाल और उसके बाद' शीर्षक की सार्थकता
- **क)** चींटियों की रूलाई का आशय।

* * * *